संक्षिप्त

छात्रा फुटबाल प्रतियोगिता शुरु

टोंक। शिक्षा विभाग के निर्देशन में जिले में 69वीं जिला स्तरीय छात्रा (17 एवं 19 वर्षीय) फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरोज बसंल जिला प्रमुख द्वारा फुटबाल को कीक मारकर किया। इस मौके पर जिला प्रमुख ने जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सभी खिलाडियों को कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले, खेल में जीत ओर हार एक सिक्के के दो पहलू है तथा खिलाडी हार के मायूस नहीं होना चाहिए हार के कारणों को देखना चाहिए की हम किन कारणों से हारे उन कमियों को दुरस्त कर अगली बार जीतने का प्रयास करना चाहिए। वही जिला प्रमुख ने प्रतियोगिता के शानदार आयोजन के लिए विद्यालय परिवार तथा रूपवास के ग्रामीणों को बधाई दी। कार्यक्रम में नन्दकिशोर मीना प्रधानाचार्य द्वारा अताया गया कि 69वीं जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोंगिता में 17 वर्षीय छात्राओं की 10 टीमों एवं 19 वर्षीय छात्राओं की 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता 9 सितम्बर से 12 सितम्बर तक चलेगी, जिसमें सभी मैच नाकआउट खेले जावेगें।

मतदान तिथि 14 सितंबर

कोटपूतली।कार्यालय निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एकाउण्टेन्टस एसोसिएशन, जिला शाखा कोटपूतली-बहरोड की 11 अगस्त को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला शाखा कोटपूतली- बहरोड के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रतिनिधियों के लिए मतदान की तिथि 24 अगस्त 2025 नियत की गई थी। प्रदेश महामन्त्री, राजस्थान एकाउन्टेन्ट्स एसोसिएशन, जयपुर के द्वारा पारित प्रस्ताव के संदर्भ में जिला संयोजक की अभिशंसा अनुसार अशोक कुमार वर्मा, निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एकाउण्टेन्ट्स एसोसिएशन जिला शाखा कोटपूतली-बहरोड एवं पदेन कोषाधिकारी द्वारा द्विवार्षिक चुनाव-2025 की संशोधित मतदान तिथि 14 सितंबर 2025 नियत की गई है।

कलेक्टर ने फसल खराबे और कृषि बीमा पर चर्चा की

कोटपूतली । जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में कृषि विभाग, बीमा कम्पनीयों के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग एवं सांख्यिकी विभाग के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में फसल खराबे, फसल बीमित क्षेत्रफल, बीमा कम्पनियों द्वारा कृषकों के आवेदन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि के मद्देनजर प्रभावित किसानों को पात्रतानुसार लाभ पहुंचाने की दिशा में सजगता से कार्य करें। सरकार की मंशानुरूप किसान को हरसंभव सहायता पहुंचाएं। कलक्टर ने निर्देश दिये कि कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक एवं बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को फिल्ड में भेजकर फसल खराबे की रिपोर्ट अनुसार सभी प्रभावित किसानों की शिकायत टॉल फ्री नम्बर 14447 एवं पीएमएफबीवाई वॉट्सएप चेटबोट (7065514447) पर ज्यादा से ज्यादा दो दिवस में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, उप निदेशक कृषि रामजीलाल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- अतिवृष्टि के मद्देनजर प्रभावित किसानों को पात्रतानुसार लाभ पहुंचाने के आदेश

कोटपूतली में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों की बैठक ली।

रामलीला की तैयारियां जोरों पर

पावटा। आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में पावटा स्थित रामलीला मैदान में 15 सितंबर से 3 अक्टूबर 2025 तक भव्य रामलीला का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियाँ इन दिनों पूरे उत्साह और जोश के साथ चल रही हैं। आदर्श रामलीला मंडल पावटा अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि इस भव्य रामलीला में विभिन्न पात्रों का आकर्षक मंचन किया जाएगा। मंचन को भव्यता प्रदान करने के लिए किरदारों के वस्त्र, श्रृंगार और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूरे परिसर को श्री राम व हनुमान जी के बैनरों से सजाया जाएगा, जिससे वातावरण भक्तिमय और मनोहारी बने।

संस्थान अध्यक्ष गिरीराज जोशी ने कहा कि मंच के माध्यम से विभिन्न किरदारों द्वारा लगातार कई दिनों से रिहर्सल की जा रही है। कलाकार पूरे समर्पण के साथ अभ्यास में जुटे हुए हैं, ताकि मंचन दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन सके।

'खिलाड़ियों के अनुकूल माहौल के लिए स्टेडियम में अतिरिक्त फंडिंग की जरुरत'

पावटा। प्रागपुरा कस्बे के इंडोर स्टेडियम में द्वितीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता सुबह 6 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक चली, जिसमें करीब 80 टीमों के 150 खिलाडियों ने विभिन्न वर्गों में अपना शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे पूरे दिन उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन प्रागपुरा बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में किया गया था। आयोजक समिति सदस्य अशोक सिंह शेखावत गुरुजी, प्रदीप गोयल उर्फ काका, विपिन पारीक, निशांत बंसल, राहुल गोयल, अभिषेक शर्मा, रतन कुमार, दीपू सिंह शेखावत, विपिन अग्रवाल और पंकज गुप्ता सक्रिय रूप से जुड़े रहे। प्रतियोगिता का संचालन नरेन्द्र सैनी के मार्गदर्शन में हुआ, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि भी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहपुरा नगरपालिका चेयरमैन बंसीधर सैनी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, राघवेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच एलन स्वामी, बाघावास विद्यालय के प्राचार्य कमलेश यादव, सुशील गोयल, दिलीप बंसल, अंजनी शर्मा, इंद्राज जांगिड, डॉ. दिलीप यादव, टसकोला पीटीआई रामकरण यादव समेत अन्य गणमान्य नागरिकों समेत अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में अंडर 13 डबल्स वर्ग का खिताब नयन और दर्शित बहरोड ने जीता, जबकि अंडर 15 सिंगल्स में ध्रुव अलवर ने बाजी मारी। अंडर-17 डबल्स और ओपन डबल्स दोनों ही मुकाबलों में ऋत्विक और मानव जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। ओपन सिंगल्स का खिताब सचिन अलवर के नाम रहा, वहीं वेटरन वर्ग में प्रागपुरा बैडमिंटन क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहे पुलिस अधिकारी विद्याप्रकाश व कृष्ण यादव की जोड़ी प्रथम स्थान तथा अशोक सिंह शेखावत गुरूजी व अशोक यादव की जोड़ी द्वितीय स्थान पर विजेता रही। विजेताओं को 3100 रुपये तथा उपविजेताओं को 1500 रुपये नगद राशि के साथ आकर्षक ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों की मेहनत और जज्बे की खूब सराहना की गई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ठाामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन गाँव और कस्बों की खेल प्रतिभाओं को उभारने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही, आयोजकों ने यह भी उल्लेख किया कि प्रागपुरा का इंडोर स्टेडियम समय-समय पर मरम्मत और रख रखाव की मांग करता है। बेहतर सुविधाओं और खिलाड़ियों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए स्टेडियम में अतिरिक्त फंडिंग की आवश्यकता है। नरेंद्र सैनी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल और पूर्व सरपंच एवं भाजपा की पूर्व जिला मंत्री एलन स्वामी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक समिति का हौसला अफजाई किया।

- प्रागपुरा में द्वितीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

कोली समाज का मेला सम्पन्न

टोंक । जिला मुख्यालय पर कोली समाज का मेले का आयोजन मंगलवार को पुराने बनास पुल पर महादेव मन्दिर एवं नोगजे शाह पीर धार्मिक स्थल पर आयोजित किया गया। कोली समाज के जिलाध्यक्ष अशोक महावर ने बताया कि मेले में टोंक शहर के साथ ही जिले सहित जयपुर, अजमेर, बूंदी, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली, भरतपुर, भीलवाड़ा, बांरा के अलावा दिल्ली, अहमदाबाद, नागदा, इन्दौर, रतलाम एवं दाहोद से भी समाजगण एकत्रित हुए। इस मेले में भगवान शिव के मन्दिर में झांकी सजाई गई एवं पूजा-अर्चना कर चूरमा बांटी का भोग लगाया गया, वही भव्य जुलूस के साथ नोगजे शाह पीर बाबा की मजार पर चादर व अकीदत के फूल पेश किए गए तथा समाज, प्रदेश एवं देश में अमन चैन एवं खुशहाली की प्रार्थना की गई। गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करने वाला कोली समाज का यह मेला पूरे प्रदेश में केवल टोंक में आयोजित होता है। मेले में समाज के युवक-युवतियों का परिचय भी कराया जाता है। वही मेले में समाज में व्याप्त समस्याओं एवं कुरुतियों को समाप्त करें।

सार-समाचार

पांच छात्रों का राज्य स्तर पर चयन

सांभरझील,(निसं)। एमजीजीएस नांगल सुसावतान, आमेर में आयोजित जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग अंडर-17 प्रतियोगिता में सांभर दरबार विद्यालय कक्षा 11 के काव्यांश सोनी ने गोल्ड मैडल जीता, इनका राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसी प्रकार श्रीकल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में भी पीएमश्री राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांभर के विद्यार्थियों ने फाइनल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खोराबीसल को क्लीन स्वीप करते हुए 27-0 से मैच जीतकर अपना दमखम दिखाया। इन चारों खिलाडियों का भी जिनमें कुनाल सेन, मुइनुद्दीन, फैजान व फरीद शामिल है का भी राज्य स्तर के लिए चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार व कस्बे में खुशी की लहर है। इसी प्रकार जयपुर जिला स्तर पर आयोजित अंडर-17 व अंडर-19 खेल प्रतिस्पर्धाओं में यहां के विद्यालय ने अपना दबदबा बनाया। प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार बताते हैं कि छात्रों ने रग्बी, फुटबॉल और वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर अपना लोहा मनवाया। बता दें कि स्थानीय विद्यालय में पिछले 4 वर्षों से शारीरिक शिक्षक का पद रिक्त है लेकिन व्याख्याता दिनेश कुमार यादव ने शारीरिक शिक्षा की कमी महसूस नहीं होने दी। इनके मोटिवेशन और मार्गदर्शन के कारण ही प्रतिवर्ष 4-5 विद्यार्थियों का विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर चयन हो रहा है। दरबार स्कूल के प्रधानाचार्य टीकम चन्द मालाकार ने यह भी बताते हैं कि विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाकर उन्हें स्पोर्ट्स किट व खेल सामठी उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही है।

उपकरण चिन्हिकरण शिविर आज

फुलेरा। राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोश्री तथा एडीप योजना अन्तर्गत सक्षम जयपुर अभियान का आयोजन नगरपालिका फुलेरा परिसर में बुधवार 10 सितंबर को किया जायेगा। पालिका ईओ सूर्यकांत शर्मा जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता से ठासित विशेष योग्यजनों को उनकी आवश्यकता एवं पात्रता के अनुसार कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण यथा ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, कमर की बेल्ट, घुटने की बेल्ट, वॉकर, श्रवणयंत्र, सर्वाईकल कॉलर, कृत्रिम दांत, वॉकिंग स्टीक, चश्मे एवं अन्य उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु नगरपालिका फुलेरा परिसर में चिन्हिकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अत: सर्व साधारण को सूचित कर अनुरोध किया जाता है कि अधिक से अधिक लोगों को जानकारी प्रदान कर शिविर में भिजवाने का श्रम करावें। 60 वर्ष या अधिक उम्र के वृद्धजन हेतु आवश्यक दस्तावेज, विशेष योग्यजन हेतु आवश्यक दस्तावेज, फोटोयुक्त पहचान पत्र-आधार कार्ड या वोटर आईडी, आय प्रमाण पत्र / पेंशन स्वीकृति आदेश आवश्यक है।

पावटा की सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग, जाम के हालात

पावटा। परिवहन, यातायात व पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को बढ़ावा लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। लेकिन इनकी अनदेखी के चलते आमजन के जानमाल की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पावटा कस्बा स्थित सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग लोगों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। यह ना केवल यातायात को प्रभावित करती है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी प्रमुख कारण है। पावटा कस्बे से लगते गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बने सर्विस लेन वाहनों की पार्किंग के काम आ रहा है। वाहन चालक अपने वाहनों को ना केवल सर्विस लेन के दोनों तरफ पार्क कर रहे हैं बल्कि चौपहिया वाहनों की पार्किंग सर्विस लेन पर कर रहे हैं। इससे ना केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि सड़क सुरक्षा को भी खतरे में डाला जा रहा है। इससे यहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में ना केवल राजमार्ग बल्कि सर्विस लेन पर जाम की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। जाम अक्सर अवैध पार्किंग के कारण होते हैं। जिसमें न केवल आमजन, व्यापारी, स्कूली बच्चे बल्कि उच्च अधिकारी व जनप्रतिनिधि एवं कई बार तो मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंसकर रह जाती है। राजमार्ग पर सर्विस लेन की बदहाली के लिए ना केवल स्थानीय थाना पुलिस बल्कि यातायात पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व जिला परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार है। विभागीय अफसरों को समस्या के समाधान करने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर काम करना होगा। अवैध पार्किंग और यहां खड़े होने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करनी होगी। वही वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि सर्विस लेन पर पार्किंग करना गलत है। प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा सर्विस लेन पर खड़े वाहनों के चालान भी किए जा रहे है व आगे भी किए जाएंगे। सर्विस लेन के लिए स्थानीय थाना पुलिस के प्रयास ज्यादा कारागर साबित हो सकते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग व एनएचएआई को भी कार्रवाई का अधिकार है। वही नगरपालिका अधिकारियों से बातचीत कर अवैध पार्किंग को लेकर नोटिस भी जारी करवाए जाएंगे।

पावटा में अवैध पार्किंग लोगों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अलवर तीसरे स्थान पर

अलवर । केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव का संसदीय क्षेत्र अलवर देशभर के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में तीसरे स्थान पर रहा है। मंगलवार को नई दिल्ली के इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ अर्तिका शुक्ला व नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका को 25 लाख रूपये की इनामी राशि, प्रमाण- पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

यादव ने अलवर शहर के देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर अलवर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि विगत एक वर्ष के दौरान किए गए समन्वित प्रयासों का यह सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह स्थान प्राप्त करने के पश्चात हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि अलवर शहर को उत्तर भारत के सबसे स्वच्छ, सुन्दर व रमणीक शहर के रूप में अलवर को विकसित किया जावे। इसमें सबकी भागीदारी की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाकर प्रकृति का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि देश में स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) से 130 शहरों में नवाचार एवं तकनीक के उपयोग के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया है। उन्होंने वर्ष 2017 से वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए एजेन्सियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जल और ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट को कम करने और बिहेवियर चेंज जैसे विषयों पर समाधान प्रस्तुत करने के लिए 'आइडियाज फॉर लाइफ अभियान' में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए समठा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' ने देश के जन-जन को पर्यावरण और भारतीय संस्कृति से जोड़ा है। स्वच्छता पखवाड़ा 17 से सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 75 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही देश में इस वर्ष 75 नये नगर वन भी बनाये जाने की स्वीकृति जारी की गई है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार ने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के अंतर्गत वायु प्रदूषण को सन 2025-26 तक 40 प्रतिशत तक कम करने के लिए एक पहल है। इसमें 130 शहरों को उनकी वायु गुणवत्ता में सुधार और शहर को विशिष्ट कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर रैंक दी जाती है जिसमें शहरों का मूल्यांकन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सडक धूल प्रबंधन, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण, औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण, पीएम 10 सांद्रता में सुधार और जन जागरूकता में उनकी प्रगति के आधार पर किया जाता है। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण में अलवर जिले को स्वच्छता रैंकिंग में 54 वां स्थान प्राप्त होने के बाद अलवर शहर ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश भर में तीसरा स्थान स्थान प्राप्त किया है। यह अलवर वासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने शासन, प्रशासन व नागरिकों के समन्वित प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम हासिल हो पाया है। उन्होंने बताया कि अलवर शहर को एनकेप के तहत अभी तक कुल 24.32 करोड रूपये की राशि प्राप्त हुई जिसमें से करीब 22 करोड़ रूपये लगभग 90 प्रतिशत राशि का उपयोग किया जा चुका है। अधिकांश राशि 19 करोड रूपये की सडक मरम्मत एवं टाइल कार्य में उपयोग हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में अलवर शहर द्वारा वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 50 प्रतिशत एनकेप राशि व्यय कर प्रमुख हॉटस्पॉट क्षेत्रों में करवाए गए जिनमें सडकों की मरम्मत, टाइल वर्क्स एवं पौधारोपण के कार्य, सभी मुख्य सडकों की मैकेनिकल स्वीपर से लगातार सफाई, लिगेसी कचरे का पूर्ण रूप से निस्तारण करके लिगेसी क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करना, शहर के अंदर अव्यवस्थित कचरा ट्रांसफर केंद्र को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चलाना, ठोप समय के दौरान पानी का सडकों पर छिडकाव कराना, ठोस कचरे के जीवीपी पॉइंट्स हटाने जैसे कार्य कराए गए। साथ ही क्लीन अलवर पोर्टल पर सफाई, लाइट से संबंधित शिकायतों व सुझाव का निस्तारण कराया गया।इसी केटेगरी में प्रथम स्थान पर अमरावती (महाराष्ट्र) रहा जिसको 75 लाख रूपये की इनामी राशि व द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से उत्तरप्रदेश के शहर झाँसी व मुरादाबाद रहें। समारोह में वार्ड लेवल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की गाइडलाइन को लोंच किया गया तथा अलग-अलग शहरों की वायु गुणवत्ता के क्षेत्र में की गई बेस्ट प्रैक्टिस का सार संग्रह भी लोंच किया गया।

- अलवर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ अर्तिका शुक्ला व नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका को 25 लाख रूपये की इनामी राशि, प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

हाईवे पर बाइक को आग लगाई

टोंक । जिले के सदर थाना क्षेत्र के चंदलाई गांव स्थित नेशनल हाईवे पर सोमवार रात को कार सवार बदमाशों ने जमकर हंगामा किया, बदमाशों ने एक बाइक को आग लगाकर हंगामा किया, साथ ही चाय की दुकान चलाने वाले युवक पर हवाई फायर कर फरार हो गए। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। बाद में पीड़ित युवक और उसके परिजन सोमवार देर रात को सदर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तार करने की मांग की, वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी जयमल ने बताया कि चंदलाई के लेखराज गुर्जर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह चन्दगाई गांव में अपनी दुकान के बाहर सोमवार रात सो रहा था, तभी एक कार में आये 4-5 युवकों ने रोड पर खड़ी व्यक्ति की बाइक को आग लगा दी तथा बाद में कार से उतरकर आरोपी नादान गुर्जर ने लेखराज के सिर पर पिस्टल लगाकर फायर कर दिया, इस दौरान लेखराज ने भागकर अपनी जान बचाइ तथा इस दौरान आरोपी फायर करने के बाद फरार हो गये। जिनके खिलाफ थाना सदर टोंक प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है ।

जूनियर अनिल कपूर ने लूटी महफिल

बारां । सोमवार की रात्रि डोल मेला रंगमंच पर आयोजित कोटा की गोल्डन इवेन्ट्स और चित्रांश म्यूजिकल ठाुप के कार्यक्रम में कलाकारों ने श्रोताओ का स्वस्थ मनोरंजन किया। कार्यक्रम इतना शानदार रहा कि बेकाबू हो रही भीड को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कई बार मशक्कत करनी पडी। दर्शकों की अपार भीड के बीच कलाकारों ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के उपरान्त आकर्षक टाईटल म्यूजिक के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। गायक कलाकार हफीज खान ने पूरी एनर्जी के साथ देवा ओ देवा-गणपति देवा.... के साथ गजानन की स्तुति की और देशभक्ति के गानों से श्रौताओं में जोश भर दिया उनके मंगल भवन अमंगल हारी... जैसे भजनों ने दर्शकों में भक्ति की संचार किया। कार्यक्रम के आर्कषण रहे जूनियर अनिल कपूर महेन्द्र सक्सेना ने अपनी अभिनय शक्ति के दम पर महफिल लूट ली। अनिल कपूर के फेमस डॉयलोग, हां-हां, मैं तेजाब हूं, मां के गर्भ से कोई अपराधी पैदा नही होता मायलोड..... की हूबहु मिमिक्री कर दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। उनका साथ दिया मुम्बई से आई मिस मोहनी ने। जिनके युगल नृत्य वनटू का फोर, फोरटू का वन पर श्रौताओं ने तालियों का पहाड खडा कर दिया। जूनियर सपना चैधरी भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान कई बार श्रौता बेकाबू हुए जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पडी। कार्यक्रम में सिल्की, नैना, सविता राणा, सपना मारवाडी, ज्योति एंथोनी आदि के चित्रहार भी दर्शकों ने पसंद किये। कार्यक्रम की शुरूआत में कलाकारों समेत अतिथियों को राकेश वाल्मीकी, मंगल खरारा, मंगल नकवाल, राजू डांगोरिया मुरारी खरारा, लेखराज डागर, दौलत, रामचरण, नरेन्द्र बैरवा, राधेश्याम बैरवा, रामचरण वर्मा यशवंत नामा, विक्रम नरवाल, विजय बैरवा, आदि का उपसभापति नरेश गोयल, मेलाध्यक्ष प्रतिनिधि पुरूषोत्तम नागर, प्रदीप विजयवर्गीय, रोहित यादव, आदि ने साफाबन्दी और पौधे तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

- देशभक्ति के गीतों पर जोश मे आए दर्शक

प्रतियोगिता का समापन

पावटा । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी में सोमवार को 69वीं जिला स्तरीय साइकिलिंग एवं रग्बी फुटबॉल 17,19 वर्ष छात्र/छात्रा वर्ग प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन शिवराम सिंह धनकड़ के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

रग्बी फुटबॉल छात्र वर्ग 17 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपुरा विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजरंगपुरा उपविजेता एवं रग्बी फुटबॉल छात्रा वर्ग 17 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजरंगपुरा विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भामोद उपविजेता रहा। वही रग्बी फुटबॉल छात्र वर्ग 19 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी विजेता व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहसिंह वाला उपविजेता रहा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है।

प्रतियोगिता में भाग लेने आए छात्र छात्राओं ने कहा कि यह आयोजन उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

पशु मेले में ऑनलाइन दुकानों के आवंटन का विरोध

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिला हवाई मजदूर समिति एवं भरतपुर जिला व्यापार महसंघ एवं जिला पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिला महामंत्री नरेंद्र गोयल जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज जिला सह महामंत्री प्रदीप शर्मा जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा पशुपालन विभाग से जसवंत प्रदर्शनी पशु मेला अधिकारी डॉ रामकृष्ण महावर हलवाई मजदूर समिति के अध्यक्ष मोहन हलबाई महामंत्री रामू मौजूद रहे।

बैठक में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश वह राजस्थान के कोने-कोने से पधारे व्यापारियों ने भरतपुर जिला व्यापार महासंघ बा मेला अधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी बाहर से पधारे व्यापारियों ने ऑनलाइन दुकानों के आवंटन को निरस्त करने की बात रखी साथ में मैला के अंदर पानी व शौचालय की व्यवस्था करने का आग्रह किया व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन दुकानों के आवंटन से बड़े ठेकेदार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे लगभग 50 दशकों से लगती आ रही जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला हम कई दशकों से दुकान लगाते आ रहे हैं ऑनलाइन दुकानों का आवंटन होता है तो हम सभी मेला के व्यापारी दुकानों की ऑनलाइन आवंटन का विरोध कर मेले का बहिस्कार करेंगे व्यापारियों में झूले वाले क्रोकरी वाले खजिला व्यवसाय हैंडीक्राफ्ट कपडे क्रोकरी व्यावसायिक मौजूद थे बैठक में युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनु देव सिनसिनी ने कहा कि यह छोटे बड़े दुकानदार मेलो में दुकान लगाकर अपने परिवारों का पालन करते हैं अत: ऑनलाइन आवंटन न कर ऑफलाइन आवंटन किया जाए जिला व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र गोयल द्वारा कहा कि भरतपुर जिला व्यापार महासंघ मेला व्यापारियों के साथ है हमें मेला व्यापारी संतुष्ट चाहिए यदि ऑनलाइन दुकानों का आवंटन निरस्त नहीं किया गया तो आगामी दिनों मे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला कलेक्टर के माध्यम से राज सरकार को भी ज्ञापन भेजा जाएगा।जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले में ऑनलाइन दुकानों के आवंटन का विरोध कर बहिष्कार की चेतावनी दी।

- ऑनलाइन दुकानों के आवंटन से बड़े ठेकेदार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे लगभग 50 दशकों से लगती आ रही जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला हम कई दशकों से दुकान लगाते आ रहे हैं ऑनलाइन दुकानों का आवंटन होता है तो हम सभी मेला के व्यापारी दुकानों की ऑनलाइन आवंटन का विरोध कर मेले का बहिस्कार करेंगे

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बूंदी । महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू दस दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विषयों पर महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रोजगार कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बूंदी एवं एक्शन एड के सहयोग से नैनवां रोड स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर के साथ सम्पन्न हुआ सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अभियान की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, जेंडर विशेषज्ञ विनीता अग्रवाल ने अब तक सम्पन्न गतिविधियों एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं व युवतियों से जुड़ने का आव्हान किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागी महिलाओं एवं युवतियों को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया तथा स्वरोजगार एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी।